THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI K. C. PANT) : (a) and (b) It is proposed to expand defence cooperation along the lines which have already been established in working together with the .United States of America on certain defence related technologies like the Light Combat Aircraft (LCA) Project. It is also proposed to explore and identify other areas of defence cooperation. It will not be in the national interest to divulge further information on the details of arms procurement in the process of modernisation.

Economy ou non-plan Expenditure

1342. SHRI J. P. GOYAL : Will the Minister of PLANNING be pleased to state :

(a) whether the Ministry of Planning have advised various State Governments to economise in their non-plan expenditure and also to ensure that the ongoing projects are completed within the stipulated period so that their cost does not over run;

(b) if so, what are the details in this regard; and

(c) what has been the response of the State Governments in regard thereto'?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI SUKH RAM) : (a) to (c) Planning Commission have always Impressed upon the States the necessity and desirability of containing non-plan expenditure and ensuring early completion of ongoing projects. During the course of discussions before the finalisation of miual Plan for the year, both these as-lects are kept in mind.

1343. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश राज्य की वर्ष 1987-8 की वार्षिक योजना के लिए योजना आयोग ने कितने परिव्यय की स्वीकृति दी

(ख) योजना में कृषि और औद्योगिक उत्पादन के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं और कितनी वृद्धि दर प्राप्त किए जाने की आशा है; और

(ग) वार्षिक योजना में क्षेत्रवार कितना योजना परिव्यय रखा गया है और पिछले वर्ष कुल कितना परिव्यय आवंटित किया गया था?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) 2500 करोड़ रुपये।

(ख) वर्ष 1984-85 के लिए कृषि उत्पादन तथा ग्राम और लघु उद्योगों के लक्ष्यों और संवृद्धि दर की जानकारी संग्लन विवरण 1 तथा 2 में दी गई है। [देखिये परिशिष्ट CXLIV , अनुपत्र सं. 48]

(ग) पिछले वर्ष अर्थात् 1986-87 के लिए कुल अनुमोदित परिव्यय 2030 करोड़ रुपये था। 1987-88 के लिए क्षेत्रवार अनुमोदित परिव्यय संग्लन विवरण में दिए गए हैं। [देखिये परिशिष्ट CXLIV , अनुपत्र सं. 49]

इलाहाबाद जनपद में गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोग

1344. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद जनपद में कितने व्यक्ति गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे हैं; और

(ख) उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जाने की संभावना है?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के अनुमान राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन के पारिवारिक उपभोक्ता व्यय के सर्वेक्षणों पर आधारित हैं।